हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 60 | पटना, सोमवार , 15 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# भाजपा, विकास भी और विरासत भी के मंत्र पर विश्वास करती है: प्रधानमंत्री

दिल्ली (नवशक्ति )

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भाजपा केंद्रीय कार्यालय विस्तार में 2024 लोक सभा चुनाव हेतु भाजपा के संकल्प पत्र भाजपा का संकल्प - मोदी की गारंटी 2024 को लॉन्च किया। इस अवसर पर पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। प्रधानमंत्री जी ने अलग-अलग वर्ग और क्षेत्र के लाभार्थियों को मंच पर बुलाकर संकल्प पत्र की पहली प्रति सौंपी। ये ऐसे लाभार्थी हैं जिन्हें नरेन्द्र मोदी सरकार की किसी न किसी योजना से लाभ मिला है। कार्यक्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा-नीत एनडीए सरकार के पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया गया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। बंगाल में वैशाख का, असम में बिहू, ओडिशा में पाना संक्रांति, केरल में बिशु, तमिलनाडु में नववर्ष पुथांडु - सब जगह हर्ष का वातावरण है। नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं। मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। सोने में सुहागा कि आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती भी है।

श्री मोदी ने अपने उद्बोधन की शुरूआत में भारतीय जनता पार्टी पर अप्रतिम विश्वास रखते हुए अपने मूल्यवान सुझाव देने और संकल्प पत्र बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने पर देशभर के लाखों नागरिकों का धन्यवाद किया। आज भारतीय जनता पार्टी ने विकसित भारत के संकल्प पत्र को देश के सामने रखा है। मैं आप सबको बधाई देता हूं। मेनिफेस्टो कमिटी के अध्यक्ष राजनाथ जी और उनकी




टीम के साथ-आठ लाखों सुझाव भेजने वाले देश के नागरिकों का भी अभिनंदन करता हूं। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि पूरे देश भाजपा के संकल्प पत्र की प्रतीक्षा करता है क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में अपने संकल्प पत्र के हर बिन्दु को गारंटी के रूप में धरातल पर उतारा है और घोषणा पत्र की शुचिता को पुनः स्थापित किया है। यह संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ (ज्ञान) गरीब , युवा शक्ति, अन्नदाता और नारी शक्ति को सशक्त करता है। भाजपा सरकार का ध्यान डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ और निवेश से नौकरी पर भी है। इस संकल्प पत्र में क्वांटिटी ऑफ ऑपर्चुनिटी और क्वालिटी ऑफ ऑपर्चुनिटी दोनों पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार ने इन्फास्ट्रक्चर निर्माण से बड़ी संख्या में रोजगार पैदा करने की बात की है और अब दूसरी तरफ भाजपा स्टार्टअप और वैश्विक केन्द्रों को बढावा देकर हाईवैल्यूज सर्विसिंग पर भी जोर देने जा रही है। भाजपा के इस संकल्प पत्र में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का भी प्रतिबिंब है। भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्ष में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर यह सिद्ध किया कि भाजपा सरकार परिणाम लेकर आती है लेकिन काम यहां पर ही नहीं रुकता क्योंकि जो लोग गरीबी से बाहर आए हैं उनको लंबे अरसे तक संबल की आवश्यकता होती है क्योंकि गरीबी से बाहर निकलते व्यक्ति को एक छोटी सी कठिनाई भी फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी सोच के साथ भाजपा ने गरीब कल्याण की कई योजनाओं के विस्तार का संकल्प लिया है। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 वर्षों तक जारी रहेगी। भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त और सस्ती होने के साथ मन को संतोष देने वाली हो, जिससे गरीब का पेट भी भरे, मन भी भरे और जेब भी भरी रहे। मोदी की गारंटी है कि सभी जनऔषधि केंद्रों पर 80 प्रतिशत छूट के साथ सस्ती दवाईयां मिलती रहेंगी और जनऔषधि केंद्रों का विस्तार भी किया जाएगा। मोदी की गारंटी है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। मोदी की गारंटी के इसी क्रम में भाजपा ने 70 वर्ष की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे नें लाने का बड़ा निर्णय लिया है। 70 साल का हर एक बुजुर्ग चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग का सभी को हमारी सरकार 5 लाख तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा देगी।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं और इस योजना का विस्तार करते हुए भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 करोड़ पक्के घर और बनाने का संकल्प लिया है। अभी तक भाजपा सरकार ने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं लेकिन अब भाजपा घर- घर पाइप से सस्ती रसोई गैस पहुंचाने का काम भी तेजी से पूरा करेगी।

## संपादकीय

### केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार की आपसी खींचतान जारी है

जयप्रकाश चौधरी



पश्चिम बंगाल में केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमला गंभीर मामला है। ऐसे ही जांच एजेंसियों पर सरकार द्वारा प्रायोजित हमले करवाए जाएंगे तो जांच एजेंसियां अपना काम कैसे करेंगी। सवाल यह भी है कि बिना जांच के सच सामने कैसे आएगा। जांच एजेंसियां संविधान का पालन करती हैं। उनका गठन संविधान के नियमों के तहत हुआ है। ऐसे में उन्हें पूरा अधिकार है कि वह कानून के दायरे में रहकर अपने काम को अंजाम दे लेकिन जिस तरह से पिछले दो-तीन सालों से जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर विपक्षी दल उंगली उठा रहे हैं वो गंभीर चिंता का विषय है। अब तो बात ईडी और एनआईए जैसी देश की प्रमुख एजेंसियों पर हमले तक आ पहुंची है। पश्चिम बंगाल में आपराधिक घटनाओं को सियासी रंग देने का पुराना इतिहास रहा है।

ताजा घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल के ईस्ट मेदिनीपुर क्षेत्र में एनआईए अधिकारियों पर हमले का निष्कर्ष है कि राज्य के तंत्र ने विगत के घटनाक्रम से कोई सीख नहीं ली। इस साल की शुरूआत में संदेशखाली प्रकरण में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम भीड़ के हमले का शिकार बनी थी। फिर इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हुई थी। जाहिर है ऐसे घटनाक्रम राजनीति से इतर स्वतंत्र जांच की उम्मीद को खत्म करते हैं। निस्संदेह घटनाक्रम से जुड़े वास्तविक तथ्यों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि एनआईए यह जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के कहने पर कर रही है। दरअसल, मामला साल 2022 में हुए एक बम धमाके से जुड़ा है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिसकी जांच लंबे अर्से बाद उच्च न्यायालय द्वारा एनआईए को सौंपी गई। एजेंसियों ने पूछताछ के लिये आरोपियों को कई बार बुलाया था जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। कहा जा रहा है कि एजेंसी ने यह कार्रवाई उचित नियमों के अनुरूप ही की है।

इस घटनाक्रम के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के दस सांसदों ने सोमवार को दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के मुख्यालय के बाहर धरना दिया। पुलिस बाद में सांसदों को जबरन उठाकर ले गई लेकिन इसके बावजूद किसी मामले में जांच-पड़ताल को गई किसी एजेंसी के अधिकारियों पर हमला करना भी दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाएगा। ऐसे मामले में भीड़ की अराजकता स्वीकार्य नहीं है। बहरहाल, राजनीति से इतर हमें मानना होगा कि किसी मामले में केंद्रीय एजेंसी से जुड़े अधिकारियों पर हमला व कामकाज में अवरोध पैदा करना संघीय व्यवस्था के लिये घातक ही है।

केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार की आपसी खींचतान और तनातनी किसी से छिपी नहीं है। बीते महीने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भी ईडी अधिकारियों पर हमला हुआ था लेकिन राज्य सरकार ने मुख्य आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। तब भी उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

## श्रीमती गीता कोड़ा पर हुए हमले पर बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी

रांची (नव शक्ति)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज गीता कोड़ा पर हुए हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अपनी हार की निश्चितता देख कर झामुमो के नेताओं और कार्यकताओं ने गीता कोड़ा और उनकी सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान जो कायराना हमला किया है उसकी जितनी निंदा की जाय कम हैं। कहा कि दरअसल झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे है, और इसी कुंठा में भाजपा के जुझारू कार्यकताओं पर हमले कर रहे हैं। कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा का दावा करने वाली जेएमएम की सरकार के गुंडे जब महिला जनप्रतिनिधि पर हमला करते हुए नहीं डर रहे है तो जरा सोचिए की राज्य में जनता की क्या हालत होगी ?कहा कि ये हमला सिर्फ गीता कोड़ा पर ही नहीं बल्कि सिंहभूम की जनता पर भी है जो गीता कोड़ा जी को अपना नेता मान चुकी है और सिंहभूम की जनता इसका सही सही जवाब देगी। कहा कि सरायकेला मुख्यमंत्री का गृह जिला भी है और इस कृत्य में उनकी भी संलिप्तता का हमें संदेह हैं। दरअसल जबसे गीता कोड़ा जी बीजेपी में शामिल हुई हैं और कांग्रेस और झामुमो की सरकार नाकामियां और भ्रष्टाचार पर मुखर रूप से बोलने लगी है उस दिन से हेमंत सोरेन और उनकी षडयंत्रकारी कोटरी ने पहले सोशल मीडिया पर और अब सामने से हमले शुरू कर दिए हैं। कहा कि झामुमो के सभी लंपटो और दंगाइयों को बता समझ में आना चाहिए कि गीता कोड़ा जी अब भाजपा की सिपाही है।

## मोदी की गारंटी है कि सभी भ्रष्टाचारियों को भेजा जाएगा जेल : सम्राट चौधरी

जमुई (नव शक्ति)

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज जमुई में खुले मंच से एक बार फिर भ्रष्टाचार करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा। कोई भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि मैं साफ लब्जों में कह देना चाहता हूं कि जमीन माफिया, शराब माफिया और बालू माफिया या तो बिहार छोड़ देंगे या फिर सबको जमुई के जेल में भेजा जाएगा। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का स्वागत करते हुए इसे 2047 के विकसित भारत का रोडमैप बताया। इसके लिए उन्होंने जमुई की सभा में मंच पर बैठे केंद्रीय रक्षा मंत्री सह घोषणा पत्र संकलन समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने जमुई की धरती पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जोरदार स्वागत किया।




उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज जमुई के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि पूरे देश में कोई भी भ्रष्टाचारी और अपराधी नहीं बचेगा। वे सब जेल भेजे जा रहे हैं। बिहार में भी अब कानून बन गया है। यहां भी कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कांग्रेस की सोनिया गांधी और राहुल गांधी से लेकर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद पर भी तेज हमले किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में प्रधानमंत्री बिना स्वीच के बोलते ही नहीं थे। सोनिया गांधी स्वीच दबाती थी, तबके प्रधानमंत्री बोलते थे और फिर स्वीच दबाने के बाद ही प्रधानमंत्री अपना भाषण बंद करते थे। उन्होंने कहा कि जब से हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सत्ता संभाली है, तब से भारत का डंका पूरे देश में बज रहा है।

## भाजपा ने लिया गरीब, युवा, किसान व महिलाओं के विकास का संकल्प, मोदी की गारंटी होगी पूरी: मंगल पांडेय

### बिहार की ग्रामीण आबादी को मिलेगा लाभ, गरीबों को घर व महिलाओं को स्वरोजगार का वादा

पटना (नवशक्ति)

बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी के ह्यसंकल्प पत्रह्व मोदी की गारंटी को विकसित भारत का संकल्प पत्र बताया। इस संकल्प पत्र पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व व पीएम श्री नरेंद्र मोदी को समावेशी विकास के आयाम को गढ़ता मोदी की गारंटी को जारी करने पर बधाई दी। श्री पांडेय ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन योजना अगले 5 साल तक जारी रहेगी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में लगभग 80 करोड़ जनता इसके लाभुक होंगे, वहीं बिहार में लगभग 9 करोड़ इस योजनाअंतर्गत लाभुकों की संख्या हैं। यह ह्यसंकल्प पत्रह्व विकसित भारत के सभी 4 मजबूत स्तंभों - युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाता है। पिछले कुछ सालों में मुद्रा योजना ने करोड़ों लोगों को उद्यमी बनाया है। इस सफलता को देखते हुए, मुद्रा योजना के तहत 10 लाख रुपये की ऋण की सीमा को 20 लाख रुपये तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। जिससे बिहार जैसे प्रदेश में पलायन रुकेगी और युवा उद्यमियों की संख्या बढ़ेगी।

श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा की सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनवाकर दिए हैं, अब 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनवाने का संकल्प सराहनीय है। वहीं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लगभग 9 करोड़ 60 लाख कनेक्शन के माध्यम से मुफ्त गैस सिलिंडर दिया गया और अब पाईप से सस्ती रसोई गैस पहुंचाने का कार्य तेजी से होगा। बिहार में उज्जवला योजना का लाभ लगभग 1 करोड़ मां - बहनों को मिल रहा है। पूर्व में 1 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए सशक्त बनाया गया अब 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प केंद्र की उन्नत नीति है। बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण पहल है। श्री पांडेय ने कहा कि संकल्प पत्र में कहा गया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रमुखता से लागू किया जाएगा। वहीं महिलाओं के लिए स्वस्थ्य जीवन सुनिश्चित करते हुए एनीमिया, स्तन कैंसर, सवाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा।

## राजद नेता तेजस्वी यादव नवरात्र में मांसाहारी भोजन शामिल करके तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं : राजनाथ सिंह

पटना (नवशक्ति)

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बिहार के जमुई और बांका में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। श्री सिंह ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्व में भारत के बढ़ते कद को रेखांकित किया।

जमुई की जनसभा में स्व. रामविलास पासवान को याद करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आज जब रामविलास जी मंच पर साथ नहीं हैं, तो उनकी कमी महसूस हो रही है। रामविलास पासवान जिस गर्मजोशी व अपनेपन के साथ मिलते थे, उसे शब्दों में वर्णन करना संभव नहीं है। श्री सिंह ने लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की सराहना करते हुए कहा कि चिराग पासवान एनडीए पिच के ह्यरन-हिटरह्व हैं। एनडीए को जितने रनों की आवश्यकता



होगी चिराग पासवान उतने रन बनाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के रचयिता बाबा भीम राव अंबेडकर की अपेक्षाओं को सिर्फ एनडीए सरकार ही पूरा कर सकती है। देश की जनता ने 2014 और 2019 में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाई, आज पूरा विश्व बोल रहा है कि तीसरी बार भी यशस्वी प्रधानधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ही देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं विश्व के कई देशों ने अभी से अगले वर्ष उन्हें आमंत्रित करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी का समय लेना शुरू कर दिया है। श्री सिंह ने कहा कि सामान्यतः जब चुनाव होते हैं तो अस्थिरता का माहौल बना रहता है कि सरकार बनेगी या नहीं बनेगी, लेकिन इस चुनाव में देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री चुनने का मन बना लिया है, चुनाव तो बस औपचारिकता है। एनडीए ने जनता से घोषणापत्र में जो वादे किए थे, वह सब सम्पूर्ण रूप से पूरे किए हैं। भाजपा ने धारा 370 को समाप्त करने के वादे को पूर्ण किया है, विपक्ष कहता था कि भाजपा चुनाव के समय राम मंदिर का मुद्दा उठाकर जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। लेकिन भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही राम लला अपनी कुटिया से निकलकर भव्य महल में प्रवेश कर चुके हैं, जो भारत में राम राज्य के आगमन का शुभ संकेत है।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म, जाति, पंथ और मजहब के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करती, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने तीन तलाक को समाप्त करके देश की महिलाओं को समान अधिकार देने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश को सशक्त और आगे बढ़ाने के लिए राजनीति करती है।

## नीतीश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के पंचायत अध्यक्षों कहा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है

पटना (राजनीतिक संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के पंचायत अध्यक्षों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव सम्बंधित तैयारियों का जायज लिया साथ ही एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने हेतु पार्टी के तमाम पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर एवं बांका लोकसभा जिसमें 9 सांगठनिक जिलों के 90 प्रखण्ड इकाई एवं 1174 पंचायत इकाई के अलावे इन पांचों लोकसभा के प्रमुख साथियों सहित तकरीबन 5 हजार लोग इस वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। साथ ही प्राथमिक इकाई के 14 लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना विचार रखा।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए को जीत दिलाने के लिए सभी लोगों को मजबूती से काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है इसलिए हमें पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

वर्चुअल माध्यम से बड़ी संख्या में जुटे पार्टी के पदाधिकारियों




को देखकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुशी जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सारी जगहों पर भी जाएंगे और आम लोगों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने राजद को भी निशाने पर लिया और कहा कि 15 सालों में उनलोगों ने कुछ नहीं किया। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाने का काम किया। हमें मौका मिल तो हमनें बिहार की महिलाओं को पंचायती राज एवं नगर निकायों में 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। 2005 में बिहार का बजट 24 हजार करोड़ रुपये थे लेकिन आज वही बजट 2 लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। 2005 के बाद हिन्दू-मुस्लिम के बीच होने वाले झगड़े बिल्कुल बंद हो गए। श्री नीतीश कुमार ने अपील करते हुए कहा कि पिछली बार से बड़े अंतर से जीत हासिल करने का संकल्प लें। इस वर्चुअल बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी एवं राज्यसभा सांसद सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा ने भी अपने विचार रखें। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधानपार्षद सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, डॉ0 नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं मनीष कुमार मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर के टक्कर में दो युवकों की घटना स्थल पर हुई मौत

कैमूर नव शक्ति

भभुआ भगवानपुर पथ पर गोबरछ गांव के टर्मिनल के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक ट्रैक्टर के चपेट में आने पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र के परमालपुर गांव निवासी अवधेश सिंह कुशवाहा के 24 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार एवं राजू कुशवाहा के 23 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार भभुआ से बाजार करके दो पहिया मोटरसाइकिल पर सवार होकर परमालपुर गांव जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार से भगवानपुर से आ रही ट्रैक्टर गोबरछ टर्मिनल के पास दोनों युवकों को रौंद डाला। जिसमें दोनों युवकों को आनन-फानन में सदर अस्पताल भभुआ लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने विशाल कुमार को मृतक

### बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान पहुंचे



घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक आशीष कुमार को वाराणसी ड्रामा भेज दिया। आशीष कुमार को रास्ते में ले जाने के क्रम में मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत होने पर पूरा गांव गमगीन हो गया। जिला प्रशासन के उदासीनता के कारण दिन प्रतिदिन अनियंत्रित ट्रैक्टर चालकों के द्वारा नियम कानून की धज्जियां उड़ाकर असमय मौत के घाट उतार रहे हैं। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एवं चैनपुर स्थानीय विधायक जमा खान के प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार भास्कर सदर अस्पताल पहुंचकर दोनों युवकों का शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस प्रशासन सभी बिंदुओं पर निगरानी रखते हुए जांच कर रही है। दोनों युवकों को सड़क दुर्घटना में शिकार होने पर ग्रामीणों में भारी पैमाने पर आक्रोश व्याप्त है। दोनों युवकों की मौत की घटना की खबर सुनकर बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एवं स्थानीय विधायक जमा खान अपने दल बल के साथ परमालपुर पहुंचकर शौक संवेदना व्यक्त किया है।

# प्यारे जिलावासियों, गर्व से वोट डालें: जिलाधिकारी की अभिभावकों एवं मतदाताओं से

**पटना(नव शक्ति)**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे जिला में नॉक-द-डोर, नो-योर-बूथ तथा कास्ट-योर-वोट अभियान चलाया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का ध्येय लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत को कम से कम राष्ट्रीय औसत के अनुरूप अर्थात 68 प्रतिशत करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेश पर गंगा नदी के छठ घाटों पर मल्टिपल स्टैंडी, सेल्फी प्वाइंट तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। घाटों पर आगंतुकों के माध्यम से ज़िला के सभी मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग हेतु अभिप्रेरित किया जा रहा है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन के सभी विभागों यथा कल्याण विभाग, आईसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग, नगर निकाय के कर्मी घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने अभिभावकों एवं मतदाताओं से अपील की है कि ह्लमेरे प्यारे जिलावासियों, लोकसभा चुनाव में गर्व से वोट डालें। आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आईसीडीएस के कर्मी द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया तथा जिलाधिकारी के द्वारा मतदाताओं एवं अभिभावकों के नाम जारी अपील पत्र सौंप कर उन्हें मतदान के दिन स्वयं तथा अपने सगे संबंधियों के साथ वोट डालने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ जीविका दीदियों के द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूहों की साप्ताहिक बैठकों में लोकतंत्र में मतदान की उपयोगिता पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही नगर निकाय के कर्मियों में हिस्सा लेकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया के रेगुलर मॉनिटरिंग के लिए



हिन्दी भवन में ऑल-वीमेन डेडिकेटेड स्वीप नियंत्रण कक्ष क्रियाशील में संलग्न पदाधिकारियों एवं कर्मियों से रिपोर्ट ली जाती है तथा उनसे गृह-भ्रमण के बारे में विस्तृत सूचना ली जाती है ' नियंत्रण कक्ष से मतदाताओं से भी संपर्क किया जाता है तथा उनसे फीडबैक लिया जाता है। साथ ही मतदाताओं को पोलिंग स्टेशन का लोकेशन, बूथ पर एएमएफ की उपलब्धता, हेल्पलाइन नं 1950, सिविजिल, सक्षम एप, वोटर हेल्पलाइन एप एवं अन्य तथ्यों की जानकारी दी जाती है । स्वीप कार्यक्रम के तहत अत्यधिक पहुँच स्थापित करने हेतु तथा व्यापक पहुँच बनाने के ध्येय से 2 महीने का कैलेंडर तैयार किया गया है। इसके माध्यम से स्वीप के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के ध्येय से डीएम ने सभी एआरओ को निदेश दिया है कि वह शहरी क्षेत्रों के अपार्टमेंट एवं मोहल्लों में कैंप लगाकर मतदाताओं को उनके बूथ एवं मतदाता सूची के बारे में जानकारी दें और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अभिप्रेरित करें। जिलाधिकारी ने निदेश दिया है कि स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी इन दो महीनों में जिले के सभी मतदाताओं तक कम से कम तीन बार अपनी पहुँच बनायें एवं उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करें। उन्होंने यह भी संदेश दिया है कि वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए समुचित व्यवस्था रहेगी जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना मतदान के दिन नहीं करनी पड़ेगी।

# जनशक्ति जनता दल पार्टी का गठन किया गया



**पटना( नव शक्ति)**

आज राजनीतिक जनशक्ति जनता दल पार्टी का गठन किया गया। जिसका राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि। देश के वर्तमान स्थिति को देखते हुए। । बाबा साहब का 133 वी जयंती शुभ अवसर पर। बाबा साहब विचारों को। संविधान को रूपी ताकत बढ़ाने हेतु बिहार के राजधानी पटना में एक राजनीतिक पार्टी की घोषणा की जा रही है। मैं सभी कार्यकताओं को। सर्व समिति से बालेंद्र दास को राष्ट्रीय अध्यक्ष। बनाया गया। श्री दास ने कहा कि मैं हाजीपुर से चुनाव लड़ूंगा वही हमारी पार्टी 20 लोकसभा में चुनाव लड़ने का तैयारी कर रही है राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रशांत प्रताप यादव महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुश्री निक्की कुमारी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश कुमार राष्ट्रीय सचिव सुश्री पिंकी सिंह।

# जो गरीब बच गए हैं उन्हें भी अब पक्का मकान मिलेगा : सम्राट चौधरी

तारापुर (संवाददाता)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार सरकार में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज अपने गृह क्षेत्र तारापुर में एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है।

तारापुर में अपार जनसमर्थन मिलने से उत्साहित श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा जो कमिटमेंट करती है, उसे पूरा भी करती है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी ने आज भाजपा का इस चुनाव के लिये संकल्प पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। यहां से भी एक -एक वोट एनडीए के उम्मीदवार को जाए, इसका संकल्प लेने का समय आ गया है।

उन्होंने इसे लोकतंत्र की धरती बताते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। आज प्रधानमंत्री ने संकल्प पत्र में स्पष्ट बता दिया कि जो गरीब हैं, जिनको पक्का मकान आज तक नहीं मिल पाया है, उन्हें भी 2029 तक पक्का मकान दे दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की सरकार में अब तक 4 करोड़ गरीब लोगों को पक्का मकान दिया जा चुका है । अगले पांच सालों में और तीन करोड़ लोगों को पक्का मकान दे दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश को 2047 तक विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत विकसित होगा तब बिहार भी समृद्ध और विकसित होगा।

श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि आज प्रधानमंत्री जी जब भ्रष्टाचार मिटाने की बात करते हैं तो विरोधी तिलमिलाए हुए हैं। प्रधानमन्त्री जी ने साफ कहा है कि भ्रष्टाचार करने वालों को जेल जाना होगा। बिहार में भी डबल इंजन की सरकार बनने के बाद सरकार ने कानून बनाया है कि बालू, जमीन और शराब माफियाओं को जेल जाना होगा या प्रदेश छोड़ देना होगा। उन्होंने लोगो का आह्वान करते हुए कहा कि आपका दिया गया एक -एक वोट प्रधानमन्त्री को तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# पं छविनाथ पांडेय के प्रयास से ही साहित्य सम्मेलन को भूमि मिली और भवन बना

**पटना ( नव शक्ति)**

पूर्व अध्यक्ष और महान स्वतंत्रता सेनानी पं छविनाथ पाण्डेय के कारण ही बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन को भूमि प्राप्त हुई और सम्मेलन-भवन का भी निर्माण हुआ। यदि वो न होते तो देश के अन्य प्रांतीय साहित्य सम्मेलनों की भाँति बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अस्तित्व भी दशकों पूर्व समाप्त हो गया होता। 1919 में स्थापित हुए साहित्य सम्मेलन को 1936 में, जब पाण्डेय जी सम्मेलन के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए, स्थायित्व प्राप्त हुआ। इसी वर्ष कदमकुआं में भूमि प्राप्त हुई,जिस पर वर्तमान भवन स्थित है। उनके ही नेतृत्व में पटना के साहित्यकारों और हिन्दी-सेवियों ने श्रमदान किया। अपने सिर पर ईंट-गारे ढोए और सरस्वती के इस भव्य मंदिर का निर्माण किया।




यह बातें रविवार को सम्मेलन सभागार में आयोजित जयंती समारोह व लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, सम्मेलन को अमर बनाने में जिन साहित्यकारों ने अपना सब कुछ न्योछावर किया, उनमें छविनाथ जी अग्रगण्य थे। वे हिन्दी और अंग्रेजी के महान विद्वान, पत्रकारिता के भी आदर्श और मुद्रण-कला के विशेषज्ञ थे। पांडेय जी का ऋषि-तुल्य तपस्वी-जीवन हमें सदा प्रेरणा देता है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, विभा रानी श्रीवास्तव, ई आनन्द किशोर मिश्र, ई अशोक कुमार, चंदा मिश्र तथा नीता सहाय ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित लघुकथा गोष्ठी में, डा शंकर प्रसाद ने 'थप्पड़' शीर्षक से, ई अशोक कुमार ने 'कशमीरियत' , कुमार अनुपम ने 'इलाज', विभा रानी श्रीवास्तव ने 'अंत नहीं' तथा नीता सहाय ने 'छठी मैय्या' शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन कुमार अनुपम ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन सम्मेलन के अर्थमंत्री प्रो सुशील कुमार झा ने किया।

इस अवसर पर, प्रकाशन संस्थान नोबेल्टी के अधिशासी नरेंद्र कुमार झा, डा आशुतोष कुमार, विजय कुमार दिवाकर, प्रेम कुमार अग्रवाल, नन्दन कुमार मीत, अमरेन्द्र कुमार, दिगम्बर जायसवाल, कुमारी मेनका, प्रेम प्रकाश आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

# डॉ0 भीमराव अंबेदकर दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए पूरा जीवन संघर्षत रहें: ललन कुमार सर्राफ

**पटना(नव शक्ति)**

जनता दल (यू0) प्रदेश कार्यालय, पटना में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेदकर की जयंती के अवसर पर पार्टी के नेताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। उक्त मौके पर जद(यू0) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेदकर दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्षत रहें। वे सच्चे मायनों में शोषितों व वंचितों के मसीहा थे। समाज से भेदभाव को खत्म करने में डॉ0 अंबेदकर की अहम भूमिका रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ0 अंबेदकर के विचारों का अनुसरण करने और बेहतर समाज के निर्माण के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सजंय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष



ललन कुमार सर्राफ, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 भारती मेहता, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा, प्रदेश प्रवक्ता धीरज सिंह कुशवाहा, अरविन्द निषाद, वासुदेव कुशवाहा, रणविजय कुमार, श्रीमती पल्लवी पटेल, अरविंद सिंह उर्फ छोटू सिंह, ओम प्रकाश सेतु, कमल नोपानी। राहुल खंडेलवाल, अरविंद कुमार निराला।

अजित पटेल, पंकज सिंह, श्रीमती किरण रंजन, श्रीमती विनीत स्टेफी पासवान, मुन्ना चौधरी। रामेश्वर रजक, श्रीमती मधु कुमारी, शिवशंकर निषाद, नागमणि कुशवाहा, हरिओम कुशवाहा सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्तागण मौजूद ।

# पुराने वादों को नए पैकेजिंग में पेश करने का असफल प्रयास है भाजपा का संकल्प पत्र: राजेश राठौड़

**पटना ( नव शक्ति)**

भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को जनता से धोखा और झूठ का पुलिंदा बताते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि भाजपा अपने संकल्प पत्र में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, किसान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, उद्योग, निवेश जैसे अत्यंत व अनेक महत्वपूर्ण विषयों को छोड़कर सिर्फ ध्रुवीकरण पर जोर दिया है।

साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि दो करोड़ रोजगार का पिछली बार युवाओं से वादा करने वाली भाजपा इस बार युवाओं को नौकरी के नाम पर जहां अपने घोषणा पत्र में हाशिए पर रख दी है वहीं महिलाओं और किसानों के लिए भी कोई मजबूत या ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने राजेश राठौड़ ने कहा कि देश की जनता को ध्रुवीकरण की राजनीति के अंधजाल में फंसाकर रखने की चाहत में भाजपा ने अपने ही किए गए पिछले वादों जिन्हें वो पूरा भी नहीं कर सकी उन्हें इस बार सीधे छोड़ दिया है। जनता इस बार इनके झूठे वादों और फर्जी संकल्पों के लब्बोलुआब में नहीं आने वाली है और उसने मन बना लिया है कि वो कांग्रेस के न्याय पत्र जिसमें युवाओं, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों सहित सभी वर्गों के लिए जो ठोस वादे हैं उनके साथ जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी की फर्जी गारंटियों से जनता पहले से त्रस्त थी और अब ये संकल्प पत्र तो इनके नाकामियों का साक्षात पुलिंदा साबित हुआ है। पुराने वादों को नए पैकेजिंग में उतारने से जनता इनकी बातों में नहीं आने वाली है।

# लोकतंत्र और संविधान को बचाने का संकल्प लेना छात्र–युवाओं के कंधो पर हैं : प्रीति

**पटना (नव शक्ति)**

आइसा ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर की चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया गया 133 वां जयंती छज्जूबाग 13 न. में मनाया गया। इस अवसर पर जेडी वीमेंस कॉलेज का प्रथम यूनिट सम्मेलन में 11 सदस्यी कमिटी का गठन किया गया। *संचालन कॉ. राज्य उपाध्यक्ष नीरज यादव ने किया। जेडी वीमेंस कॉलेज के आइसा का प्रथम यूनिट कान्फ्रेंस में 11 सदस्यीय कमिटी बनी जिसमें अध्यक्ष सृष्टि सिंह, सचिव श्रुति कुमारी, सह सचिव आभा उपाध्यक्ष भुमिका बनी। *राज्य अध्यक्ष प्रीति ने यूनिट कान्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि* भारत के तमाम नागरिक के अधिकारो की रक्षा के लिए गैरबराबरी समाज में उत्पीड़ित समुदाय व अल्पसंख्यक के अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान का निमार्ण करने वाले बाबा साहेब के ऐतिहासिक पल को याद कर उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने इनके क्रान्तिकारी



विरासत को जिंदा रखना हम छात्र-युवाओं के कंधे पर है साथ ही लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लडाई सभी तमाम छात्र-छात्राओं को आगे आना होगा *बाबा साहेब ने 1942 के जुलाई महीने में नागपुर में आयोजित ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेज कांफ्रेंस के भाषण में उन्होंने कहा था आपको मेरी आखरी सलाह है शिक्षित बनो आंदोलन करो , संगठित हों! मौलाना मजहरुल हक अरबी व फारसी वि.वि. में कार्यरत है। *पत्रिकारिता व जनसंचार विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ. रणजीत कुमार ने कहा कि बाबा साहेब ने बनाया हुआ संविधान भारत वर्ष के तमाम शोषित उत्पीड़ित,दलित समाज का एक समग्र क्रान्ति का मेनीफेस्टो है जो इस वर्ग के आर्थिक उत्थान और सामाजिक समता का संदेश और दिशा -निर्देश देता है। सोनी, जिक्शा, प्रिया, पुजा, सुप्रिया, नंदनी, फौजिया खान आइसा जेडी वीमेंस कॉलेज यूनिट के 11, सदस्यीय कमिटी में शामिल है। राज्य कार्यकारणी सदस्य कॉ. हेमंत ने कहा कि आने वाले दिनों में पाटलिपुत्र वि.वि. में आइसा का मजबूत संगठन बनेगा और लगातार कॉलेज कैंपसों में छात्र-छात्राओं की हर एक समस्याएं दुर करने के लिए मजबूर पहल लेगी। आइसा साथी कॉ. आजाद , कॉ. अभिषेक, कॉ. अमित इत्यादि ।

# अम्बेडकर के अधुरे सपने को पूरा करने का संकल्प लिया : रालोमो

**पटना (नव शक्ति)**

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कैम्प कार्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री मा उपेन्द्र कुशवाहा जी ने कहा कि हमारे देश का इतना सुन्दर और बड़ा संविधान बाबा साहेब भीमराव अबेडकर जी का ही देन है, हमारी पार्टी बाबा साहेब के विचारो और सपनों को ही पूरा करने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि अभी भी बाबा साहेब के अनेक सपनों को पूरा करने वाला बहुत से कार्य शेष है श्री कुशवाहा ने कहा की न्याय पालिका में अभी भी कॉलेजियम व्यवस्था संविधान के अनुकूल नही है इस सन्दर्भ में पूर्व एवं वर्तमान महामहीम राष्ट्रपति महोदया ने भी कहा है कि न्याय पालिका में भी अखिल भारतीय सेवा की तरह ही बहाली होनी चाहिऐ इस अवसर पर श्री कुशवाह ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।



उक्त आशय की जानकारी प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता ई० हेमंत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया।

इस अवसर पर पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन यादव, जागा कुशवाहा, कमल प्रसाद सिंह, डा० निर्मल कुमार सिंह, डा० बिरेन्द्र प्रसाद दांगी, पप्पू मेहता, अरविन्द वर्मा, अनिल यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम राघवेन्द्र कुशवाहा, खुर्शीद अहमद, अशोक कुशवाहा, पंकज सिंह, विष्णु प्रिया, कुमारी सोनम, माधुरी पटेल, उमेश कुशवाहा,गुड्डू वर्मा, अभिमन्यु कुशवाहा, गंगा पाण्डेय, बनोद कुमार पप्पू, आशिक आलम आदि सैकडों नेता शामिल हुए।

# भाजपा का घोषणा पत्र नहीं, यह भाजपा पत्र

**पटना (नव शक्ति)।** भाजपा द्वारा जारी घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि इसे घोषणा पत्र के बजाय जुमला पत्र कहना ज्यादा तार्किक होगा।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि 76 पेज के भाजपा घोषणा पत्र में बेरोजगारी , महंगाई, किसानों और महिलाओं से जुड़े जनता के मूल मुद्दों की कहीं कोई चर्चा नहीं है। शब्दों के मकड़जाल में केवल 2014 और 2019 में दिखाए गए मुंगेरीलाल के हसीन सपने की मियाद 2022 से बढ़ाकर 2047 कर दिया गया है। 2014 और 2019 में दो करोड़ नौकरी देने, विदेशों में जमा काले धन को लाकर सभी के खाते में 15 - 15 लाख रुपए डालने, 2022 तक किसानों की आय दूगना करने, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ हीं स्मार्ट सिटी, बुलेट ट्रेन, प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक गांव को आदर्श ग्राम बनाने जैसे वादों की तो चर्चा तक नहीं है। आम लोगों से जुड़े मुद्दों का तो घोषणा पत्र में कहीं कोई उल्लेख हीं नहीं किया गया है। स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत कुछ वैसे मुद्दों का घोषणा पत्र में उल्लेख किया गया है जिसमें सरकार की कोई प्रत्यक्ष भूमिका हीं नहीं है या जिससे आमलोगों का जीवन - यापन पर कोई प्रभाव पड़ता हो। कितना हास्यास्पद है कि 2036 में होने वाले ओलंपिक की चर्चा 2024 के घोषणा पत्र में किया गया है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि 2014 एवं 2019 में भाजपा ने जो भी वादे किए वे सब जुमला बन कर रह गए। इसलिए लोग अब भाजपा नेताओं के वादे को गंभीरता से लेते भी नहीं हैं। लोगों का विश्वास भाजपा नेताओं पर से उठ गया है। भाजपा भी इस बात को समझ चुकी है इसीलिए उसने अपने हसीन सपने की मियाद 2047 तक बढ़ा दी है। सपनों की रोचकता बढ़ाने के लिए घोषणा पत्र जारी करने के समय आज प्रधानमंत्री जी सहित भाजपा के सारे शीर्ष नेता उपस्थित थे।

# भारतीय संविधान की संरचना कर अद्वितीय कार्य किये है: पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी

**पटना ( नव शक्ति)**

भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेव डा0 भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी ने की ।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी ने कहा कि डा0 अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की संरचना कर अद्वितीय कार्य किये है। डा0 अम्बेडकर हमेशा देश के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा उनकी विचार धारा का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश में जब पंडित जवाहर लाल नेहरू के मंत्रिमंडल का गठन हुआ, उस समय डा0 भीमराव अम्बेडकर को कांग्रेस का सदस्य नहीं होने के बाबजूद उन्हें देश का विधि मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माण में डा0 अम्बेडकर के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है तथा आज कृतज्ञ राष्ट्र उनकी स्मृति को शत-शत नमन करती है।



इस अवसर पर लाल बाबू लाल, अम्बुज किशोर झा, राजेश राठौड़, अरविन्द लाल रजक, कुमार आशीष, डॉ. संजय यादव, ब्रह्मदेव आनंद पासवान, उदय शंकर पटेल, संजय कुमार पाण्डेय, गुरुदयाल सिंह, सुदय शर्मा, राजनन्दन कुमार, आदित्य पासवान, गोरखनाथ, मोहम्मद शाहनवाज, राहुल पासवान, यसवंत कुमार चमन, कुंदन गुप्ता, डॉ. जवाहर लाल चौधरी, रंजित कुमार राम, सत्येन्द्र प्रसाद, नदीम अंसारी, महेश प्रसाद राय, अब्दुल बकी, विनय कुमार सिंह, श्याम पासवान, आशीष पासवान, हिरा लाल चौधरी, अमित कुमार सहित अन्य कांग्रेसजनों ने डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा औरंगाबाद में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**औरंगाबाद (नव शक्ति)**

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा 14अप्रैल से औरंगाबाद जिले में चार दिवसीय विशेष मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर नगर के चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन परिसर में एक विशेष परिचर्चा आयोजित की गई।

परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्वीप कोषांग की नोडल अधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की तथा अभियान को दूर - दराज के क्षेत्रों तक ले जाने का सुझाव दिया। उन्होंने औरंगाबाद जिले में मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों को विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है तथा अब तक जागरूकता अभियान के माध्यम से लगभग पांच लाख लोगों तक संदेश पहुंचाया गया है। विशेष रूप से महिला, वृद्धजनों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बिहार के विभिन्न जिलों में




मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के जनसंपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें पहली बात मत दे रहे मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम का विषय प्रवेश करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव द्वारा मतदान के महत्व को रेखांकित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने औरंगाबाद में मतदाता जागरूकता वृद्धि के लिए अनेक सुझाव रखे। कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर मंत्रालय से संबद्ध नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान, सारण के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन केंदीय संचार ब्यूरो, पटना के प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ऐश्वर्य कुमार तथा स्थानीय नागरिकों की प्रमुख भूमिका रही, जिनमें शिवनारायण सिंह, अजय वर्मा, राजू रंजन सिन्हा, सुनील सिन्हा, दीपक बलजोरी, सूर्यकांत, गणेश प्रसाद, दीनानाथ मौआर, मनीष कुमार, अटल बिहारी सिंह, पूणार्नंद उपाध्याय तथा संजय कुमार शामिल थे। दिनांक 15 अप्रैल 2024 को जागरूकता अभियान जिले के मदनपुर प्रखंड में आयोजित किया जाएगा।

# डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत की अध्यक्षता में एसडीपीओ ऑफिस में रामनवमी अखाडा वालों का एक मीटिंग

**झारखंड (नव शक्ति)**

रंजन ने इलेक्शन कमीशन का कोड ऑफ कंडक्ट लागु होने एवं धारा 144 लागु होने से विधि संगत ही जुलुस निकलना है। किसी भी तरह का भरकाऊ गाना, नागवार उद्घोश नहीं करना है। जुलुस में अपने वोलंटियर, प्राथमिक उपचार से सम्बंधित सामान उपलब्ध रहना चाहिए, किसी भी तरह का नशा किया व्यक्ति को चिन्हित कर प्रशासन को बताना आदि डीएसपी ने अपने वक्तब्य में बताया। जुलुस के द्वारा सडक जाम नहीं होना चाहिए। अवैध शराब बिक्रेता को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। केवल लइसेंसी धारी ही जुलुस निकाल पाएंगे। जुलुस के अंतर्गत डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित है, उसके स्थान पर चोंगा बजाया जा सकता है।



धारा 144 लागु होने के कारण जुलुस में किसी भी पार्टी से सम्बंधित चिन्ह नहीं इस्तेमाल करना है।

रात 10 बजे के बाद किसी भी तरह का साउंड नहीं बजना नहीं चाहिए, पदाधिकारी-भूपेंद्र राउत, सिंदरी थाना प्रभारी-शैलेश कुमार, बलियापुर थाना प्रभारी-आशीष भारती, गौशाला ओपी प्रभारी- अनिल मंडल, भौरा प्रभारी-रंजीत राम, लोदना ओपी प्रभारी - रजनीकांत, पाथर्डी थाना प्रभारी-पवन पाठक, धनुवाडिह ओपी प्रभारी-पवन कुमार, तीसरा थाना प्रभारी-सुमन कुमार, जोरा पोखर आंचल-उषा रानी, जोरा पोखर प्रभारी- राजेश प्रकाश सिंहा, बोरगढ़ प्रभारी- अजीत कुमार, सिंदरी अंचल निरीक्षक- ज्योति प्रकाश कुजूर, जोरा पोखर पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी- राजेश प्रकाश सिंहा, उपस्थित थे।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया द्वारा नवादा जिला में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**नवादा ( नव शक्ति)**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, गया के द्वारा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय नवादा में मतदाता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नवादा के उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा, अर्पणा झा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संजय कुमार, डी पी आर ओ नवादा तथा डॉ विनय कुमार चौधरी, प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर दीपक मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को निर्वाचन के प्रति जागरूक किया। वही, उन्होंने जागरूक मतदाता बनने के कई महत्वपूर्ण गुर भी बताए। मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में मत का अहम योगदान है। अपने मत के




अधिकार को जाने और स्वयं के विवेक एवं इच्छाशक्ति से मतदान दिवस के दिन मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गया के अधिकारी बुलंद इकबाल ने कहा कि मतदान करना केवल बस आपका अधिकार ही नहीं बल्कि सबकी जिम्मेदारी भी है। मौके पर कॉलेज के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी छात्राओं को वोट देने के लिए जागरूक किया गया। कॉलेज के पीआरओ प्रो शुभेन्दु अमित ने मंच का संचालन किया। जिला समाज कल्याण के अधिकारी अर्पणा झा तथा संजय कुमार डीपीआरओ, नवादा ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूक रैली को रवाना किया।

इस अवसर पर सीबीसी के पंजीकृत एकजुट पटना के कलाकारों ने गीत, संगीत तथा नाटक द्वारा उपस्तिथि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर डीडी न्यूज के नवादा रिपोर्टर श्याम सुन्दर एवं कॉलेज के प्राध्यापकगण एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# बाबासाहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये अमृत छोड़ गये : नागेंद्र नाथ त्रिपाठी

**रांची ( नव शक्ति)**

बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये देश और समाज के लिये उनके योगदान पर चर्चा करते हुये कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर देश के लिये सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सबों के लिये सदा प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

वहीं प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने बाबा साहब डॉ डॉ भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

वहीं महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए *नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने* कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनायें झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होने बाबा साहब की ऊंचाई को समझते हुये आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपनों का देश गढने में दिन -रात मेहनत कर रहे हैं एवं उनके कार्यकाल आज दलित समाज जो कभी शोषित पीड़ित हुआ करता था आज अग्रिम पंक्ति कि ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर *क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने* कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। प्रदेश संगठन मंत्री




कर्मवीर सिंह ने* कहा कि बाबा साहब एक महान देशभक्त, समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद् एवं राजनीतीज्ञ के रुप में याद किये जाते रहेंगे। उन्होने कहा कि भारत का एक एक नागरिक उनके योगदान पर गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होने कहा कि बाबासाहब के पदचिन्हों पर चलकर ही हम महान भारत की कल्पना कर सकते हैं।

प्रदेश कार्यालय में पुष्पांजलि करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, हेमंत दास, अशोक बड़ाइक, रामचंद्र नायक, राकेश भास्कर, पंकज सिन्हा, योगेंद्र लाल, राजीव लाल, मुकेश सिंह, मृत्युंजय कुमार, नवीन झा, अमिताभ धीरज, पुरुषत्तम राय, प्रिंस कुमार आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबर

### डीजे लाउडस्पीकर रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक ही प्रतिबंधित: जिला प्रशासन

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** शादी विवाहों एवं निजी कार्यक्रमों में लाउडस्पीकर /डीजे को लेकर भ्रम की स्थिति को दूर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि शादी विवाहों या निजी अन्य कार्यक्रमों के अवसर पर डीजे/ लाउडस्पीकर रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक ही प्रतिबंधित किए गए हैं। उपरोक्त जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

### करंट लगने से एक युवक की मौत

**इस्लामपुर (नालंदा) (नवशक्ति)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सतुआपोखर गांव मे विद्युत स्पर्श से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक सतुआ पोखर गांव निवासी जगदीश प्रसाद का 26 वर्षिय पुत्र पिन्टू कुमार बतलाया जाता है। प्राप्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक पिन्टू कुमार अपने घर मे ही विद्युत बोर्ड का लाइन ठीक कर रहा था। उसी दौरान विद्युत तार के चपेट मे आने से करंट लगने के कारण वह जख्मी हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा जख्मी युवक को स्थानीय चिकित्सक के यहां लाया गया। जिसे देखते ही स्थानीय चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### एक साइबर ठग 25 सिम के साथ गिरफ्तार

**कतरीसराय (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय पुलिस ने साइबर ठगों के गिरोह के एक सदस्य को कतरीसराय मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया, जिसका पहचान थाना क्षेत्र के दरवेशपुरा गांव के रहने वाले विपिन सिंह के पुत्र राम प्रवेश कुमार के रूप में किया गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि उक्त साइबर ठग के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, पहचान के बाद हिरासत में ले कर गहन पूछताछ कर वाहन जांच किया गया। उसके पास से 25 चालू फर्जी सिमकार्ड,4 एटीएम कार्ड ,2 मोबाईल, 2500 नकद राशि बरामद हुआ तथा एक मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया। युवकों को घर बैठे पार्ट टाइम जॉब तथा लोन दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने का धंधा जालसाजों द्वारा किया जाता था। जालसाजों के टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहना। कई कंपनियों के शेयर में निवेश इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से साइबर ठगी करता है।

### नालंदा लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर आभार व साधुवाद: ब्रजराज चौहान



**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** बिहार प्रदेश जद-यू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव ब्रजराज चौहान ने कहा है कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताते हुए बिहार प्रदेश जनता दल-यू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ ने मुझे नालंदा लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया है। इसके लिए अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र चंद्रवंशी की, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा जी, जद-यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष -सह- बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा नालन्दा के सभी माननीय को भी हृदय से आभार एवं साधुवाद देता हूं। इस लोकसभा चुनाव में बिहार के हमसभी अति पिछड़ा समाज गोलबंद होकर अपने सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के किए गए अनगिनत लोककल्याणकारी कार्यों जैसे हम अति पिछड़ा समाज को पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव में आरक्षण, अमन-चैन, अतिपिछड़ा छात्रावास, भाईचारा, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब-गुरबों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने, न्याय के साथ सभी तबके का विकास, सामाजिक न्याय, समरस समाज की स्थापना, को ध्यान में रखते हुए एक-एक वोट एनडीए गठबंधन को विजय बनाकर ही चैन से बैठेंगें। हम अति पिछड़ों का एक ही सपना है सिर्फ लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। नालंदा लोकसभा में चौथी बार सांसद कौशलेंद्र कुमार की जीत सुनिश्चित है सिर्फ लोकतंत्र का सम्मान हेतु औपचारिकता बाकी है। हमसभी अति पिछड़ा समाज चुनाव के दिन हर्षोउल्लास के साथ लोकतंत्र का पर्व मनायेंगें और अपने सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार जी का हाथों को मजबुत करेंगें।

# बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही है नीतीश सरकार: सांसद कौशलेंद्र कुमार

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)**

नालंदा जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय में जनता दल यूनाइटेड द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता मो अरशद ने की।

इस अवसर पर होने के पहले चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन समर्थित उम्मीदवार सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही है नीतीश सरकार। आधी आबादी यानी महिलाओं को समाज में बराबरी की हिस्सेदारी देकर महिलाओं को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया है। ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय के चुनाव में 50% का आरक्षण एवं नौकरियों में 33% का आरक्षण लागू करने वाला बिहार पहला राज्य है। समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे शोषित वंचितों का उत्थान कर न्याय के साथ विकास करने का काम किया है।




सरकार द्वारा चलाई गई सात निश्चय योजनान्तर्गत हर घर को बिजली हर घर को पानी हर घर तक पक्की नाली-गली हर घर शौचालय का कार्य लगभग पूर्ण कराया जा चुका है की जिसकी शुरूआत प्राथमिकता के आधार पर शोषितो वंचितों से प्रारंभ हुई है। आजादी के बाद लंबे समय तक अनुसूचित समाज शिक्षा गरीबी और सामाजिक उत्पीड़न से जूझता रहा है परंतु बिहार में नीतीश कुमार के सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ध्यान अन्य वर्गों के साथ ही अनुसूचित वर्ग की समस्याओं की ओर गया बाबा साहब के सपनों को बिहार में अमलीजामा पहनाया गया है। सरकार ने इन वर्गों के सामाजिक राजनीतिक शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए अनेक कार्य किया है और कर रही है। अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण का जो बजट 2005 में महज 40.08 करोड रुपए थी जो बढ़कर 2022 में 1729.60 रुपए हो चुकी है। बीएससी यूपीएससी के प्रारंभिक परीक्षा पास करने पर राज्य सरकार के द्वारा छात्रों को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। जिससे आगे की तैयारियों के लिए उनके लिए वरदान साबित हो रहा है। हर जिलों में अंबेडकर छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।

इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता डा धनंजय कुमार देव, ई अजय पटेल, देवनन्दन प्रसाद, भवानी सिंह, शशिभूषण प्रसाद संजय पासवान, विवेक चंदन, सन्नी पटेल, आदित्य पटेल, शशिकांत टोनी, आशीष चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजगीर बस स्टैंड के पास प्याऊ केंद्र का किया गया शुभारंभ

## भीषण गर्मी मे ठंडे पानी से मिलेंगी लोगों को निजात



**राजगीर(नालंदा)(नवशक्ति)।** राजगीर बस स्टैंड स्थित जे .के कांप्लेक्स के पास प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया। जहां इस तपती हुई भीषण गर्मी में आम जनता को घड़े का ठंडा पानी पीने के लिए इसका आनंद उठा सकते हैं।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता विजय उपाध्याय ने कहा कि मनुष्य की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। श्री उपाध्याय ने कहा कि यह प्याऊ केंद्र जय किशोर उपाध्याय के स्मृति में लगाया गया है। जहां लोग आकर यहां पानी से प्यास बुझा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह पानी आम जनता को 24 घंटे पानी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल राजगीर में इन दिनों गर्मी काफी बढ रही है, साथ ही साथ पर्यटकों की भीड़ एवं शादी विवाह समारोह का आयोजन भी खूब हो रही है, जहां काफी संख्यामें लोगों का आना जाना होता है। खास करके सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे के साथ आये महिलाएं पुरुष जो पानी का बोतल खरीद नहीं सकते, उनके लिए यह प्याऊ काफी लाभ मिलेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार उपाध्याय, विजय उपाध्याय, पंकज उपाध्याय, दीपक कुमार, आशुतोष कुमार उपाध्याय, करुणेश उपाध्याय सहित राजगीर के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए।

# हमारी आस्था ही नहीं भावनाओं से जुड़ा है छठ पर्व: पारस सिंह

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)**

आज केआधुनिकता के इस जुग मे भी इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना ये दशार्ता है कि हम अपनी संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने में बिहार, झारखंड के लोग कितने जागरूक है। वैदिक काल से चला आ रहा छठ पूजा बिहार के संस्कृति का अभिन्न अंग ही नहीं बल्कि हमारी भावनाओं से जुड़ा अटुट संम्बंध है। पुरे बिहार मे इस पर्व को साल मे दो बार चैत्र माह मे और कार्तिक माह मे बहुत ही धुम धाम और स्वच्छता व सादगी से मनाया जाता है, किसी तरह से कोई आडम्बर नहीं, कोई दिखावा नहीं, बहुत ही पवित्र वातावरण मे मनाये जाने वाला पर्व है।

लेकिन अब तो इस पावन और पवित्र पर्व को पुरे देश के साथ साथ बिदेश मे भी प्रचलित हो गया है। छठ पूजा धार्मिकता के साथ साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है, इस पर्व को लोग धार्मिक भेदभाव, ऊंच नीच, जात पात, अमीरी गरीबी को भुलकर सभी एक साथ सामुहिक रुप से मनाते है। इस पर्व की सादगी और पवित्रता इसी से समझी जा सकती है की कद्दू भात (नहाय खाय) से शुरूआत होती है दुसरे दिन ( खरना) मिट्टी के चुल्हे पर आम के लकड़ी से पका चने के दाल, सिन्धा नमक, अरवा चावल, गया के दूध और घी से पका खीर को पर्वती प्रसाद के रूप ग्रहण करती है और अपने परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसी को प्रसाद खिलाती है। फिर तिसरे दिन शुरू होता है 36 घण्टे का निर्जला वर्त, सुती साड़ी पहन कर कमर भर जलाशय मे खड़े हो कर भगवान भाष्कर से सिधा संवाद कर



अराधना मे मगन हो जाती है पर्वतीय, यहा न किसी परोहीत की जरूर होती है, न कोई प्रतिमा की भगवान भाष्कर से सिधा संवाद जो डुबते हुए सुर्ज भगवान को और उगते हुए सुर्ज भगवान का अर्घ दे कर पुरी होती है। छठ पर्व और "ठेकुआ" ऐक दुसरे के पूरक है इसे महाप्रसाद भी कहा जाता है यु तो छठ मे सुखा नारियल, गन्ना, ठेकुआ, मुली, पके केले, हल्दी, जितने मौसमी फल है, बांस के बनी सुप, दौरा को सजा कर घर के पुरुष माथे पर उठा कर घाट पहुचाते है। छठ पूजा मे लोकगीतों का बड़ा महत्व है मगही, भोजपुरी, मैथिली भाषा के गीत चार चांद लगा देते हैं, एक महीने पहले से इसकी धुन सुनाई पड़ने लगती है। इस धुन को सुनकर परदेशी को अपने घर जाने के लिए विवश करती है और वो काम काज से छुट्टी लेकर अपने गाँव छठ मनाने निकल पड़ती है। ऐसी आस्था जुड़ी है हम बिहारीयों का छठ पूजा से अपनी संस्कृति से अपनी माटी से अपनी भाषा से। इस पर्व की महत्व को समझते हुये बिहारियों की भावना को सम्मान करते हुये दिल्ली, बंगाल, महाराष्ट्र आदि राज्य के सरकारों ने भी छठ पूजा पर सामुहिक छुट्टी की घोषणा की है, परन्तु मगही मगध नागरिक संघ उन सरकारों से अनुरोध करता है की छठ साल मे दो बार मनाया जाता है एक ही बिधान से तो चैत्री छठ पूजा पर भी छुट्टी मिलना चाहिए ताकि छठ करने वालों को सहुलियत मिल सके।


नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।


प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368


महान सम्राट अशोक की
2368 वीं जयंती समारोह-2024
सह
"सम्राट अशोक रत्न अवार्ड"
में पाटलीपुत्र की
धरती पर आप सभी
का हार्दिक स्वागत है।
नागमणि कुशवाहा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
दिनांक : 16 अप्रैल 2024 ( मंगलवार ) समय :- प्रात : 10.00 बजे
स्थान : गौतम बुद्ध विहार, दारोगा राय पथ, पटना-1
आयोजक : अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत)
Mob.: 9431019673, Visit us- www.abyks.org, E-mail - abyks563@gmail.com
Missed Call No. 9958036006